# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–26 अप्रैल 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं।

**आप का दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है। आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रेक्चर निर्माण का है। आपका दायित्व श्रमिकों की जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है। अपने कार्यों को आप जितनी ईमानदारी से पूरा करें उसका उतना ही सकारात्मक प्रभाव विकसित भारत की यात्रा में नजर आयेगा।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने मुंबई में आयोजित होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स–दो हजार पचीस के बारे में कहा कि इस आयोजन के केंद्र में भी देश के युवा हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की महिलाएं नौकरशाही, अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही हैं।

**आज भारत के युवाओं की सफलता में सबसे सराहनीय बात है उसकी इनक्लूजीवीटी भारत आज जो कीर्तिमान गढ़ रहा है। उसमें हर वर्ग की भागीदारी बड़ रही है। अभी कुछ ही दिन पहले यूपीएससी का रिजल्ट आया है। उसमें भी टॉप टू पोजिशन बेटियों ने हासिल की है। टॉप–5 में 3 टॉपर बेटियां हैं।**

रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप पन्द्रहवां रोजगार मेला आज देशभर में सैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया गया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार मेले में केन्द्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने दो सौ से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

वहीं, प्रयागराज के फाफामऊ स्थित राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल ने सत्तर से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखीमपुर खीरी जिले के पलिया क्षेत्र में शारदा नदी के चैनलाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। सरकार द्वारा यह अभिनव पहल बाढ़ नियंत्रण के लिए की गई है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अनुदान, ऋण और आवास एवं ट्रैक्टर की चाभी भी सौंपा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि नदी को चैनेलाइज करने में पूरी सफलता मिलने से ढाई लाख की आबादी बाढ़ से राहत महसूस करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चाहे बाढ़ की समस्या हो या फिर बीमारी की समस्या, नया उत्तर प्रदेश इनका बखूबी समाधान करने के लिए आगे बढ़ा है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिन में ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ इक्कीसवीं कड़ी होगी।

यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित होगा।

**********

आकाशवाणी ने इंडिया ऑडियो समिट एंड अवार्ड्स दो हजार पचीस में विभिन्न श्रेणियों में कुल छह पुरस्कार जीते हैं। रेडियो और श्रव्य कार्यक्रम निर्माण में उत्कृष्टता को मान्यता देने वाले पुरस्कार समारोह का कल रात मुंबई में आयोजन किया गया। आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौर ने इस अवसर पर कहा कि लोकसेवा प्रसारक के रूप में आकाशवाणी जन हित को बनाए रखते हुए सूचित, शिक्षित और मनोरंजन के मिशन के लिए प्रतिबद्ध है।

**********

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों के मूवमेंट का सीधा प्रसारण न करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने एक पत्र जारी कर कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया संस्थान, समाचार एजेंसी और सोशल मीडिया उपयोगकर्ता रक्षा और सुरक्षा से संबंधित अभियानों की रिपोर्टिंग जिम्मेदारी से करें। साथ ही इन सभी से ऐसी रिपोर्टिंग में मौजूदा कानूनों और विनियमों के पालन की अपेक्षा की गई है।

**********

गोरखपुर जिले के गुलरिहा थाना क्षेत्र के भगवानपुर के पास कल देर रात घर के बाहर चारपाई पर बैठे एक ही परिवार के सात लोगों को एक अनियंत्रित कार ने रौंद दिया। इस दुखद हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हैं। गोरखपुर के एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक महिला की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

**********